डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Department of Divyangjan Empowerment
Government of Uttar Pradesh

प्रेषक,

वित्त अधिकारी
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

सेवा में,

1. कुलपति/अध्यक्ष
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ।

2. अपर मुख्य सचिव
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

3. अपर मुख्य सचिव
वित्त विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

4. अपर मुख्य सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

5. निदेशक
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

6. कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ।

7. वित्त अधिकारी
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांकः 2078/पत्रा.सं.–57/बै0वि0समिति/2023–24 लखनऊ     दिनांक 04 जनवरी 2024

विषयः डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की वित्त समिति की 30वीं बैठक दिनांक 19.12.2023 के कार्यवृत्त प्रेषण के संबंध में।

महोदय,

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की वित्त समिति की दिनांक 19.12.2023 को सम्पन्न 30 वीं बैठक के कार्यवृत्त की प्रति संलग्न कर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(संजय सिंह)
वित्त अधिकारी

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ

## के वित्त समिति की तीसवीं बैठक दिनाँक:19.12.2023 का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | अपराह्नः 12:00 बजे |
| स्थान– | पंचम तल स्थित सभागार डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की वित्त समिति की तीसवीं बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही।

बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| एजेण्डा बिन्दु सं0 | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/30 | दिनांक 12.05.2023 को सम्पन्न वित्त समिति की उन्तीसवीं बैठक' के कार्यवृत्त की पुष्टि। |
| | निर्णयः–वित्त समिति द्वारा दिनांक 12.05.2023 को सम्पन्न हुई 29वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 2/30 | दिनांक 12.05.2023 को सम्पन्न वित्त समिति की उन्तीसवीं बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन आख्या। |
| | निर्णयः–वित्त समिति द्वारा उपरोक्त बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 3/30 | वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु पुनरीक्षित आय–व्ययक अनुमान पर अनुमोदन के सम्बन्ध में। |
| | समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु शासन द्वारा मानक मद सं0–31–सहायता अनुदान–सामान्य (वेतन) मद में धनराशि रू0 2541.88 लाख एवं मानक मद सं0–20–सहायता अनुदान–सामान्य (गैर वेतन) मद में धनराशि रू0 1000.00 लाख का प्रावधान किया गया था।वित्त समिति की अट्ठाइसवीं बैठक जो दिनांक 25.11.22 को आहूत की गयी थी,के बिन्दु सं0–3/28 पर वित्तीय वर्ष 2022–23 के पुनरीक्षित आय–व्ययक अनुमान पर अनुमोदन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर वित्त समिति के समक्ष गैर वेतन मद में धनराशि रू0 1000.00 लाख, निजी स्रोतों से प्राप्तियों के सापेक्ष किये जाने वाले व्ययों के अन्तर्गत धनराशि रू0 1565.00 लाख तथा बी0टेक0 पाठ्यक्रम हेतु धनराशि रू0 838.09 लाख का आय–व्ययक अनुमान प्रस्तुत किया था,जिस पर वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया,किन्तु मानक मद सं0–20 सहायता अनुदान–सामान्य (गैर वेतन) की कतिपय मदों में, निजी स्रोतो से प्राप्तियों के सापेक्ष किये जाने वाले व्ययों के अन्तर्गत कतिपय मदों में एवं बी.टेक. पाठ्यक्रम की कतिपय मदों में आवश्यकतानुसार अनुमोदित धनराशि के सापेक्ष अधिक व्यय वित्त समिति से अनुमोदन की प्रत्याशा में किये गये है।जिनका विवरण निम्नवत् हैः– |

(Sanjay Singh)
Finance Officer
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

**बिन्दु सं0 1**—गैर वेतन की मदों में किये जाने वाले व्ययों के अन्तर्गत निम्नवत् मदों को पुनरीक्षित किये जाने का प्रस्ताव है:—

1—वित्त समिति द्वारा व्यावासायिक एव विशेष सेवाओ के लिए भुगतान मद में विश्वविद्यालय की ओर से वादों की पैरवी करने हेतु अधिवक्ताओं एवं मा0 न्यायधीशो को मानदेय आदि का भुगतान कराने हेतु वित्त समिति द्वारा इस मद में अनुमोदित धनराशि रू0 7.00 लाख से अधिक कुल धनराशि रू0 40.79 लाख के भुगतान किये गये है। इसी के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2022—23 हेतु व्यावासायिक एव विशेष सेवाओ के लिए भुगतान मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 50.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

2—विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों की साफ—सफाई, भवनों में स्थापित लिफ्टों की ए0एम0सी0 एवं अन्य अनुरक्षण कार्यो हेतु सफाई, एवं ए0एम0सी0/भवन/उद्यान/आवास/प्रेक्षागृह अनुरक्षण व्यय मद में अनुमोदित धनराशि रू0 200.00 लाख से अधिक कुल धनराशि रू0 237.40 लाख के भुगतान किये गये है।इसी के दृष्टिगत सफाई, एवं ए0एम0सी0/भवन/उद्यान/आवास /प्रेक्षागृह अनुरक्षण व्यय मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 250.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

3—वित्तीय वर्ष 2022—23 हेतु विश्वविद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि एवं महंगाई में वृद्धि के दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क मेस की सुविधा पर आने वाला व्ययभार मद में आवंटित धनराशि रू0 150.00 लाख से अधिक कुल धनराशि रू0 323.19 लाख के भुगतान किये गये है।इसी के दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क मेस की सुविधा पर आने वाला व्ययभार मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 350.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

**बिन्दु सं0 2**—निजी स्रोतो से प्राप्तियों के सापेक्ष किये गये व्ययों के अन्तर्गत निम्नवत् मदों को पुनरीक्षित किये जाने का प्रस्ताव है:—

1— विश्वविद्यालय में समय—समय पर आयोजित बैठकों/गोष्ठियों में प्रतिभाग करने वाले अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों को यात्रा भत्ते के रूप में अनुमोदित धनराशि रू0 2.00 लाख से अधिक धनराशि रू0 2.46 लाख के भुगतान किये गये है। इसी के दृष्टिगत यात्रा व्यय मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 3.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

2— विश्वविद्यालय में समय—समय पर आयोजित बैठकों/गोष्ठियों में प्रतिभाग करने वाले अतिथियो एवं विषय विशेषज्ञों के सूक्ष्म जलपान एवं भोजन आदि की व्यवस्था कराने हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 5.00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 6.55 लाख के भुगतान किये गये है। इसी के दृष्टिगत आतिथ्य व्यय मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 7. 00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

3—विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत लैब से संबंधित उपकरण एवं कार्यालय प्रयोगार्थ विभिन्न प्रकार के फोटोकापियर मशीने, प्रिन्टर, वाटरकूलरों एवं कूलरों आदि के क्रय किये जाने हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 30.00 से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 58,98 लाख के भुगतान किये गये है।इसी के दृष्टिगत मशीनें और सज्जा/उपकरण वं संयंत्र मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 60.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

4—विश्वविद्यालय में समय—समय पर आयोजित सेमेस्टर एवं बैक पेपर परीक्षाओं में परीक्षा संबंधी कार्यो हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 100.00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 101.35 लाख के व्यय किये गये है। इसी के दृष्टिगत परीक्षाओं के संचालन पर व्यय मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 105.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

5—विश्वविद्यालय में समय—समय पर आयोजित बैठकों/गोष्ठियों में प्रतिभाग करने वाले अतिथियो एवं विषय विशेषज्ञों को मानदेय का भुगतान किये जाने हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 5. 00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 5.60 लाख के भुगतान किये गये है। इसी के

(Sanjay Singh)
Finance Officer
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

(प्रो॰ राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ॰ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

दृष्टिगत समिति के सदस्यों को मानदेय मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 7.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

6–विश्वविद्यालय में समय–समय पर आयोजित गोष्ठियों/सेमिनारों/शैक्षिक भ्रमण आदि पर अनुमोदित धनराशि रू0 10.00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 10.48 लाख के भुगतान किये गये है। इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में समय–समय पर आयोजित गोष्ठियों/सेमिनारों /शैक्षिक भ्रमण पर व्यय मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 12.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

7–विश्वविद्यालय में शैक्षिकं एवं गैर शैक्षिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया से सम्बन्धित व्ययों पर अनुमोदित धनराशि रू0 5.00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 11.11 लाख के भुगतान किये गये है।इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में शैक्षिकं एवं गैर शैक्षिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया से सम्बन्धी व्ययं मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 15.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

8–विश्वविद्यालय में शोध एवं अनुसंधान संबंधी कार्य हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 5.00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 9.36 लाख के भुगतान किये गये है। इसी के दृष्टिगत शोध एवं अनुसंधान संबंधी कार्य हेतु मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 10.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

9–विश्वविद्यालय में समय समय पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के संचालन हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 7.00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 7.48 लाख के भुगतान किये गये है। इसी के दृष्टिगत खेलकूद एवं क्रीडा सम्बन्धी व्यय मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 10.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

**बिन्दु सं0–3** बी.टेक. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत निम्नवत् मदों को पुनरीक्षित किये जाने का प्रस्ताव है:–

1–विश्वविद्यालय के बी.टेक. पाठ्यक्रम में शिक्षकवृन्द एवं विद्यार्थियों के बैठने तथा कार्यालयों प्रयोगार्थ तात्कालिकता के दृष्टिगत फर्नीचर यथा–मेजे, सोफा सेट कुर्सिया अलमारी ,बुकसेल्फ एवं कम्प्यूटर टेबल आदि क्रय किये जाने हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 5.00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 120.34 लाख के भुगतान वित्त से अनुमोदन की प्रत्याशा में किये गये है। इसी के दृष्टिगत कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 125.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

2–विश्वविद्यालय में समय–समय पर बी.टेक. पाठ्यक्रम में आयोजित गोष्ठियों/सेमिनारों/शैक्षिक भ्रमण आदि पर अनुमोदित धनराशि रू0 3.00 लाख से अधिक अर्थात कुल धनराशि रू0 5.03 लाख के भुगतान किये गये है।इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में समय–समय पर आयोजित गोष्ठियों/सेमिनारों/शैक्षिक भ्रमण पर व्यय मद को पुनरीक्षित कर इस मद में धनराशि रू0 7.00 लाख आवंटित किये जाने पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

इसी के दृष्टिगत गैर वेतन की उपरोक्त मदों को, निजी स्रोतों से प्राप्तियों के सापेक्ष किये जाने वाले व्ययों के अन्तर्गत उपरोक्त मदों को तथा बी.टेक. पाठ्यक्रम हेतु वित्त समिति द्वारा अनुमोदित आय–व्ययक अनुमान को पुनरीक्षित किये जाने की आवश्यकता है। पुनरीक्षित की जाने वाली उक्त मदों का मदवार विवरण परिशिष्ट "क","ख" एवं "ग" पर वित्त समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।जिस पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के आय–व्ययक अनुमान को पुनरीक्षित किये जाने के फलस्वरूप वित्त समिति द्वारा गैर वेतन मद में वित्त समिति द्वारा पूर्व में अनुमोदित धनराशि रू0 1000.00 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 1000.00 लाख, निजी स्रोतों से प्राप्तियों के सापेक्ष किये जाने वाले व्ययों के अन्तर्गत उल्लिखित मदों में वित्त समिति द्वारा पूर्व में अनुमोदित धनराशि रू0 1565.00 लाख के सापेक्ष धनराशि 1062.00 लाख तथा बी.टेक. पाठ्यक्रम हेतु पूर्व में अनुमोदित धनराशि रू0 838.09 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 849.09 लाख के पुनरीक्षित आय–व्ययक अनुमान पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है।

(Sanjay Singh)
Finance Officer
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| | निर्णयः—वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त गैर वेतन मद में हेतु पूर्व में अनुमोदित धनराशि रू0 1000.00 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 1000.00 लाख, निजी स्रोतों से प्राप्तियों के सापेक्ष किये जाने वाले व्ययों के अन्तर्गत पूर्व में अनुमोदित धनराशि रू0 1565.00 लाख के सापेक्ष धनराशि 1062.00 लाख तथा बी.टेक. पाठ्यक्रम हेतु पूर्व में अनुमोदित धनराशि रू0 838.09 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 849.09 लाख के पुनरीक्षित आय—व्ययक अनुमान पर अनुमोदन प्रदान किया गया। | |
| 4/30 | **वित्तीय वर्ष 2021—22 के तुलनपत्र एवं उसकी आडिट रिपोर्ट पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।** | |
| | निर्णयः—वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021—22 के तुलनपत्र एवं उसकी आडिट रिपोर्ट पर औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया। | |
| 5/30 | **वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु वेतन,गैर वेतन,कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र के संचालन एवं विशिष्ट स्टेडियम के संचालन हेतु उ0प्र0 शासन से की गयी मॉग पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।** | |
| | निर्णयः—वित्त समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु वेतन मद में कुल प्रस्तावितधनराशि रू0 **5577.53** लाख, विश्वविद्यालय के नैत्यिक कार्यो हेतु गैर वेतन मद में धनराशि रू0 **1400.00** लाख, कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र के संचालन हेतु धनराशि रू0 **400.00** लाख,विशिष्ट स्टेडियम के संचालन हेतु धनराशि रू0 **400.00** लाख अर्थात गैर वेतन मद में कुल धनराशि रू0 **1800.00** लाख एवं पूंजीगत परिव्यय के लिए 24—वृहद निर्माण कार्य मद में धनराशि रू0 **1000.00** लाख की मॉग उ0प्र0 शासन से किये जाने हेतु अनुमोंदन प्रदान किया गया। | |
| 6/30 | **विश्वविद्यालय मे संचालित वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत संचालित प्रबन्धशास्त्र विभाग में Business & Computer Labकी स्थापना हेतु** | |
| | समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में संचालित वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत संचालित प्रबन्धशास्त्र विभाग में Business & Computer Lab की स्थापना हेतु विभिन्न प्रकार के डेस्कटाप कम्प्यूटर, यू.पी.एस, सर्वर, प्रिन्टर एवं आवश्यक उपकरणो को निर्धारित मानक के अनुसार क्रय किया जाना प्रस्तावित है जिनका विवरण निम्नवत् हैः— | |

Computer Lab Items

| Sl.No. | Particular | Unit Rate Approx | Unit | Amount Approx |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Projector | 1,50,000.00 | 2 | 3,00,000.00 |
| 2 | Smart Intractive Display | 4,50,000.00 | 1 | 4,50,000.00 |
| 3 | Desktop Computer | 93,200.00 | 30 | 27,96,000.00 |
| 4 | Off line UPS 01KVA | 5,199.00 | 30 | 1,55,970.00 |
| 5 | Server | 10,00,000.00 | 1 | 10,00,000.00 |
| 6 | Cat-6 UTP Cable | 45.00 | 2000 | 90,000.00 |
| 7 | I/O Box | 300.00 | 35 | 10,500.00 |
| 8 | Conduit Pipe | 65.00 | 1000 | 65,000.00 |
| 9 | 24 Port Fully Manage Switch | 60,000.00 | 2 | 1,20,000.00 |
| 10 | 6 U Rack | 6,500.00 | 1 | 6,500.00 |
| 11 | HP Laserjet MFP M72630dn Printer | 1,95,000.00 | 6 | 11,70,000.00 |
| 12 | OS Window-11 Pro. | 15,340.00 | 30 | 4,60,200.00 |
| 13 | Microsoft office - Suite 2021 | 9,199.00 | 30 | 2,75,970.00 |

(Sanjay Singh)
Finance Officer
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

(प्रो॰ राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ॰ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | MS Window Server Standard Core Single Language | 44,221.00 | 1 | 44,221.00 |
| 15 | SPSS (Academic Version 30 User) | 5,00,000.00 | 1 | 5,00,000.00 |
| 16 | Tally Prime Multi-User (Gold) | 57,348.00 | 1 | 57,348.00 |
| | | | Grand Total Amt | 75,01,709.00 |

निर्णयः—वित्त समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय में संचालित वाणिज्य संकाय के अर्न्तगत संचालित प्रबन्धशास्त्र विभाग में Business & Computer Lab की स्थापना किये जाने हेतु औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

7/30 **विश्वविद्यालय में सी.सी.टी.वी. कैमरों एवं अन्य सहवर्ती उपकरणों की स्थापना हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं निगरानी के दृष्टिगत चिन्हित स्थानों पर एवं विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में अनुशासन, नकलविहीन परीक्षा एवं सुचिता बनाये रखने के उद्देश्य से समस्त कक्षों में सी.सी.टी.वी. कैमरों एवं अन्य सहवर्ती उपकरणों की स्थापना का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।इसी क्रम में विश्वविद्यालय में स्थापित किये जाने वाले सी.सी.टी.वी. कैमरे एवं अन्य सहवर्ती उपकरणों को निर्धारित स्पेशिफिकेशन के आधार पर क्रय किये जाने के लिए कुल अनुमानित धनराशि रू0 5.00 करोड़ का व्ययभार आने की संभावना है।

निर्णयः—वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

8/30 **विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं में आयोजित परीक्षाओं में ड्यूटी करने वाले शिक्षकवृन्द एवं गैर–शैक्षिक कार्मिकों के परीक्षा संबंधी मानदेय के संबंध में।**

निर्णयः—वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

9/30 **विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों में वाई0फाई0 नेटवर्क स्थापित किये जाने पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

निर्णयः—वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

10/30 **विश्वविद्यालय प्रयोगार्थ फोटोकापियर मशीनों के क्रय पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय प्रयोगार्थ 10 अददनवीनफोटोकॉपियर (Black & White) एवं 02 अददनवीनफोटोकॉपियर (Colour) कोक्रय कियेजानेहेतुजेमपोर्टल के माध्यम से निविदा प्रकाशित की गयी थी। इसी क्रम में विभिन्न फर्मों से प्राप्त प्रस्तावों में से प्रकाशितनिविदामें चयनित एल–1 फर्म M/s Argus Business Machines Private Limited, Lucknow की दर न्यूनतम पायी गयी है। विश्वविद्यालय प्रयोगार्थ 10 अदद नवीन फोटोकॉपियर (Black & White) एवं 02 अदद नवीन फोटोकॉपियर (Colour) को क्रय किये जाने हेतु कुल धनराशि रू0 34,28,488.00 (चौतीस लाख अट्ठाईस हजार चार सौ अट्ठासी रूपये मात्र) का व्ययभार आने की संभावना है।

निर्णयः—वित्त समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उपर्युक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

(Sanjay Singh)
Finance Officer
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

11/30 डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ को ग्राम–अलीनगर, सुनहरा परगना बिजनौर, तहसील–सरोजनीनगर, लखनऊ में आवंटित अनिर्मित भूमि 5.768 हेक्टेयर पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृत धनराशि धनराशि रू0 100.00 लाख पर अनुमोदन प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में।

समिति को अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत शासनादेश सं0–65/2023/1/365512/2023/फा0सं0–65–2099/53/2023, दिनांक–09.08.2023 के क्रम में डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ को ग्राम–अलीनगर, सुनहरा परगना बिजनौर, तहसील–सरोजनीनगर, लखनऊ में आवंटित अनिर्मित भूमि 5.768 हेक्टेयर पर लगभग 1710.02 मीटर लम्बाई एवं 3.3 मीटर ऊँची बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था–उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ प्रस्तावित आगणन लागत धनराशि रू0 743.76 लाख के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग मूल्यांकित लागत धनराशि **रू0 687.12 (छः करोड़ सत्तासी लाख बारह हजार मात्र)** की धनराशि पर स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किशत के रूप में रू0 100 लाख की धनराशि पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

निर्णयः–वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

12/30 **बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम के संचालन हेतु Acoutically Treated Room एवं आडियोलोजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलोजी की लैब स्थापित किये जाने हेतु उपकरणो के क्रय किये जाने पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

समिति को अवगत कराया गया कि शैक्षिक सत्र 2015–16 से भारतीय पुनर्वास परिषद से प्राप्त अनुमोदन के उपरान्त बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम के संचालन किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के संचालन हेतु Acoutically Treated Room एवं आडियोलोजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलोजी की लैब स्थापित किये जाने हेतु उपकरणो का क्रय किया जाना प्रस्तावित हैं। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| Sr. No. | Description | Proposed Estimated Amount in Rs. |
|---|---|---|
| 1- | Acoutically Treated Room & MOOC Studio | 4,50,00,000 |
| 2- | Equipments For Establishment Of Audiology & Speech Language Pathology Lab | 1,50,00,000 |
| | **Total** | 6,00,00,000 |

उपरोक्तानुसार बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम के संचालन हेतु Acoutically Treated Room एवं आडियोलोजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलोजी की लैब स्थापित किये जाने हेतु उपकरणो का क्रय किये जाने पर कुल अनुमानित धनराशि रू0 6,00,000 00 का व्ययभार आने की संभावना है।

**निर्णयः**–वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के कुलपति एवं विशेष सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ की उपस्थिति में प्रस्तुतीकरण होने के उपरान्त Acoutically Treated Room एवं लैब की स्थापना हेतु क्रय की जाने वाली सामग्रियों की उपयोगिता एवं औचित्य सहित पुनः प्रस्ताव वित्त समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये।

अन्त में वित्त समिति की बैठक का समापन सधन्यवाद किया गया।

(Sanjay Singh)
Finance Officer
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

(प्रो॰ राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ॰ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ